तापमान

अधिकतम 34.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, सोमवार 21 जुलाई 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

10 विश्व आदिवासी दिवस की रूपरेखा ...



10 बांसकांटा के प्रवीण का सफल हृदय ऑपरेशन..



2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

# मेडिकल कॉलेज में आज से शुरू होगी एडमिशन प्रक्रिया, एनएमसी ने दी मान्यता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिले के मेडिकल कॉलेज को नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) ने चौथे बैच के लिए 125 सीटों की मान्यता दे दी है। इसके अलावा काउंसिलिंग की तिथि भी जारी कर दी गई है। अब मेडिकल कॉलेज में एडमिशन की प्रक्रिया आज से शुरू होगी। सीटों की मान्यता प्राप्त करने के लिए महासमुंद मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने एनएमसी के पोर्टल पर ऑनलाइन दस्तावेज अपलोड किया था। बाद ऑनलाइन ही मेडिकल कॉलेज की व्यवस्था का परीक्षण किया गया। कमी पाए जाने पर सुधार के निर्देश दिए थे। दरअसल, कॉलेज द्वारा ऑनलाइन भेजी गई जानकारी का मूल्यांकन किया गया। इसके बाद कॉलेज को कारण बताओ नोटिस जारी कर मूल्यांकन के दौरान पाई गई खामियों को उजागर किया। इसमें मेडिकल कॉलेज अस्पताल में बिस्तरों की संख्या में कमी, अस्पताल में ओपीडी की संख्या में कमी आदि का जिक्र किया था। मेडिकल कॉलेज से कमियों को दूर करने के आश्वासन और विस्तृत कार्ययोजना के आधार पर वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 125 एमबीबीएस सीटों का सशर्त नवीनीकरण करने का निर्णय लिया गया। यह भी कहा गया है कि मान्यता संबंधी पत्र जारी होने के बाद चार महीने के भीतर कमियों को दूर कर लिया जाए। इसके बाद एनएमसी समीक्षा करेगा।

## काउंसिलिंग की तिथि भी जारी, चौथे बैच के लिए 125 सीटों की दे दी मान्यता

### बढ़ेगी छात्रों की संख्या

मेडिकल कॉलेज में वर्तमान में लगभग 375 छात्र अध्ययन कर रहे हैं। 125 नए छात्रों के आने के बाद छात्रों की संख्या में वृद्धि होगी। इधर, मेडिकल कॉलेज प्रबंधन नए बैच के छात्रों के लिए शहर में हॉस्टल खोज रहा है। हालांकि, शहर के ज्यादातर शासकीय भवन अधिग्रहित किए जा चुके हैं। पिछले साल भी प्रबंधन द्वारा शहर के कई भवनों का अवलोकन हॉस्टल के लिए किया गया था, लेकिन उन भवनों पर बात नहीं बन पाई थी। कॉलेज का खुद का हॉस्टल दिसंबर में बनकर तैयार होगा। वर्तमान में लाइवलीहुड कॉलेज और पॉलिटेक्निक के हॉस्टल में मेडिकल के छात्र रह रहे हैं।



### चार चरणों में होगी काउंसिलिंग की प्रक्रिया

मेडिकल कॉलेज में एडमिशन की रेस 21 जुलाई से शुरू होगी। एनएमसी ने नीट यूजी काउंसिलिंग का शेड्यूल आधिकारिक वेबसाइट पर जारी कर दिया है। काउंसिलिंग 4 चरण में होगी। ऑल इंडिया लेवल की 18 सीटें हैं। अन्य सीट स्टेट कोटे के तहत निर्धारित की गई हैं। रजिस्ट्रेशन और शुल्क भुगतान 21 से 28 जुलाई, चॉइस फिलिंग और लॉकिंग 22 से 28 जुलाई, सीट आवंटन प्रक्रिया 29 से 30 जुलाई, रिजल्ट जारी होने की तारीख 31 जुलाई, रिपोर्टिंग और कॉलेज जॉइनिंग 1 से 6 अगस्त, स्टेट कोटे के तहत 30 जुलाई से प्रवेश प्रारंभ होगा। स्टेट कोटे की काउंसलिंग 30 जुलाई से 6 अगस्त तक चलेगी। पूरा शेड्यूल जारी कर दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### दूध पर प्रति लीटर सात रुपए की वृद्धि

**महासमुंद।** दुग्ध व्यवसाय संघ एवं होटल व्यवसायी संघ के संयुक्त बैठक में दुग्ध व्यवसाय संघ द्वारा मांग रख प्रति लीटर सात रुपए वृद्धि का निर्णय लिया गया, जो 20 जुलाई से लागू हो गई। होटल व्यवसाई संघ के अध्यक्ष हेमंत बघेल, सचिव भाऊ राम साहू का कहना है कि दूध उत्पादन के क्षेत्र में प्रदेश में महासमुंद अव्वल दर्जे पर है। बावजूद साल दर साल अप्रत्याशित वृद्धि आने वाले समय पर जनता के जेब पर भार बढ़ाने वाला है। प्रति लीटर सात रुपए की वृद्धि से मिठाई, दूध, दही, पनीर, खोवा, चाय, लस्सी पर मूल्य वृद्धि लाजिमी है। आने वाले समय पर व्यवसाय पर इसका विपरीत प्रभाव देखने को मिल सकता है। होटल व्यवसाय संघ के अध्यक्ष हेमंत, सचिव भाऊ राम साहू, उपाध्यक्ष नेमीचंद सोनी, पदाधिकारी मनीष जैन, पप्पू साहू, मोती सिंह राजपुरोहित, कान्हा, सुंदर साहू, शशि जैन, नेमीचंद, चेतन राठौड़ सहित मिठाई कारोबारियों ने कहा है कि महंगाई का असर गुणवत्ता पर नहीं पड़ेगा।



### खल्लारी सोसाइटी परिसर में पौधरोपण

**खल्लारी।** दैवीय माता तीर्थ स्थल खल्लारी में ग्रामीण कृषि सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष नंदकुमार निषाद ने सोसायटी कर्मचारियों के साथ धान खरीदी केंद्र परिसर में एक पेड़ मां के नाम के तहत फलदार आम पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर समिति प्रबंधक मनोज कुमार भारद्वाज व कर्मचारियों में रेखराज ध्रुवंशी, मिलन सिंह यदु, विजय कुमार साहू, खोमन पटेल, हरिशचंद पटेल, ललित कुमार साहू, शेख शरीफ, प्रमोद पटेल सहित कृषक व ग्रामीणजन भी उपस्थित रहे।

## क्राइम : बाइक चोर गिरोह पर सिटी कोतवाली पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई

# चोरी के आठ मोटरसाइकिल जब्त दो आरोपी युवक भी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद



मोटर साइकिल चोर गिरोह पर सिटी कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि विभिन्न कंपनियों की आठ मोटर साइकिल की चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने बताया कि प्रार्थी सचिन कुमार चंद्राकर निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी रमनटोला अमर नगर अंबेडकर चौक महासमुंद ने रिपोर्ट लिखाई थी कि 13 जुलाई को वह अपनी मोटर सायकल केटीएम 200 ड्यूक क्रमांक सीजी 04 क्यूबी 3167 को किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई। इस पर अपराध धारा 303(2) बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान सायबर सेल की टीम एवं थाना सिटी कोतवाली पुलिस की टीम के द्वारा घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज चेक कर अज्ञात चोर के बारे में पतासाजी की जा रही थी कि मुखबिर से सूचना मिला कि ग्राम चिंगरौद का एक व्यक्ति भरत साहू अपने पास रखे केटीएम बाईक बेचने हेतु ग्राहक का इंतजार करते चिंगरौद नाले के पास खडा है। उक्त सूचना पर पुलिस की टीम के द्वारा मौके पर पहुंचकर उसे पकड़ा गया, जिसने पूछताछ में अपना नाम भरत साहू पिता धनश्याम साहू (20 वर्ष) चिंगरौद का निवासी होना बताया।

केटीएम बाइक चोरी के संबंध में पूछताछ करने आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने अपने साथी विकास ध्रुव के साथ मिलकर दो-तीन माह पूर्व से बाइक चोरी करते थे। हाल ही में रमनटोला हाउसिंग बोर्ड महासमुंद से एक बिना नंबर का केटीएम ड्यूक 200 मोटर सायकल, ग्राम लभरा खुर्द से एक बिना नंबर का टीवीएस स्पोर्ट्स मोटर सायकल, महासमुंद बस स्टैण्ड से एक बिना नंबर का पल्सर मोटर सायकल, एक बिना नंबर डिस्कवर मोटर सायकल, नया रायपुर से एक बिना नंबर एचएफ डिलक्स मोटर सायकल तथा रायपुर से एक बिना नंबर एच.एफ. डिलक्स एवं पैशन प्रो मोटर सायकल को चोरी करना स्वीकार किया तथा चोरी की मोटर साइकिलों को बेचने के लिए अपने घर चिंगरौद में छिपाकर रखना बताया। पुलिस की टीम के द्वारा दूसरेआरोपी विकास ध्रुव पिता जनकलाल ध्रुव (20 वर्ष) वार्ड नंबर 11 पचरीपारा कुरूद थाना कुरूद धमतरी हाल ग्राम चिंगरौद महासमुंद को पतासाजी कर ग्राम चिंगरौद से पकड़ा और उसके कब्जे से भी ग्राम नारी कुरूद से चोरी की गई एक बिना नंबर होंडा शाईन बाइक को बरामद किया गया।

मामले में पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल आठ नग मोटर सायकल कीमत 3,40,000 रुपए को जब्त कर सिटी कोतवाली में अपराध धारा 303(2) बीएनएस के अपराध दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## सुबह तेज धूप तो शाम को हो रही बारिश

# बदलते मौसम से लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

- क्षेत्र में उमस भरी गर्मी से लोग हो रहे हलाकान

जिला मुख्यालय सहित आस पास के क्षेत्रों में उमस भरी गर्मी लोगों के लिए परेशानी की वजह बन रही है। वहीं शाम होते ही बारिश, मौसम में हो रहे उतार चढ़ाव के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डाल रहा है। सावन के महीने में भी मानसून पूरी तरह से सक्रिय नही हो पाया है। पहले के दिनो में हुई बारिश के बाद नदी नालों का जलस्तर बढ़ है।

सुबह के सत्र में आसमान से बादल छट जाने के बाद लोग उमस भरी गर्मी से परेशान हो रहे। वहीं शाम 4 बजे के बाद अचानक मौसम में आए परिवर्तन के बाद रिमझिम बारिश भी हो रही है। मौसम के इस तरह हो रहे बदलाव से लोगों के सेहत पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। खासकर छोटे बच्चे एवं बुजुर्गों के सेहत पर इसका असर देखने को मिल रहा है। लगातार बदल रहे मौसम का सेहत में विपरीत असर हुआ है, जिसके कारण तबीयत बिगड़नी शुरू हो गई है। रोजाना मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों से भी मरीज डॉक्टरों के पास पहुंच रहे है। डॉक्टरों के मुताबिक जुलाई माह में हुए बारिश उसके बाद तेज धूप का असर सेहत पर पड़ा है। जिससे अस्पतालों में मरीज बढ़े है। बारिश के मौसम में सेहत का ख्याल रखना जरूरी है। वायरल फीवर की भी समस्या बढ़ रही है।

### शाम, रात में बारिश दिन में हो रही तेज धूप

नगर में गुरुवार को बारिश हुई। वहीं शुक्रवार को जोरदार धूप निकली, जिसने उमस को दोगुना कर दिया। वही शाम आते तक मौसम ने फिर करवट ली और बादल छाए। शनिवार के दिन औसत तापमान 33 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं न्यूनतम औसत तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रहा। शनिवार को ह्युमिडिटी का स्तर 70 फीसदी पहुंच गया, जिसने खूब बेचैनी बढ़ाई है।

# डमरू और झांझ के साथ महाकाल मुक्तिधाम समिति ने की बाम्हनी में भोलेनाथ की आरती

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिला मुख्यालय से 9 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम बम्हनी के श्वेत गंगा बम्हनेश्वर महादेव परिसर में प्रतिदिन गंगा आरती की जा रही है। शनिवार 19 जुलाई को जल लेने पहुंचे कांवरियों ने भी गंगा आरती में उत्साह के साथ भाग लिया। इतना ही नहीं भोलेनाथ की आरती का आनंद भी कांवरियों ने मंत्रमुग्ध होकर उठाया। इस बार भोलेनाथ की आरती करने महासमुंद के महाकाल मुक्तिधाम समिति के सदस्यों ने डमरू, झांझ नाद के साथ आरती को रोचक और यादगार बनाया। उपस्थित श्रद्धालु और कांवरियों ने मंत्रमुग्ध होकर आरती का आनंद उठाया। सावन माह में यहां प्रतिदिन संध्या 6:30 बजे गंगा आरती की जा रही है। श्वेत गंगा कुंड से जल लेकर कांवरिए नंगे पांव सिरपुर जाकर गंधेश्वर महादेव का जलाभिषेक करते हैं। दूसरे सावन सोमवार को जल चढ़ाने के लिए करीब अलग-अलग जत्थों में ढाई सौ से अधिक कांवरिये रवाना हुए, जो सिरपुर पहुंचकर सोमवार को जलाभिषेक करेंगे। श्वेत गंगा आरती समिति के रामेश्वर पांडेय, खिलावन यादव ने बताया कि मुख्य जजमान के रूप में जिला पंचायत सदस्य जुगनू चंद्राकर, महिंद्रा ग्रुप के सुमित वैष्णव, विवेक चंद्राकर आदि रहे। बम्हनेश्वर नाथ मंदिर ट्रस्ट कमेटी के सर्वराकार डा. संतोष अग्रवाल ने डमरू नाद के साथ आरती करने पहुंचे महाकाल मुक्तिधाम समिति के सदस्यों को फल भेंट कर सम्मानित किया।



# गुरमत क्विज शो के वर्ल्ड प्रीमियर में जसबीर और जसप्रीत ने दर्ज की खिताबी जीत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद/रायपुर





- आओ बणिए गुरसिख प्यारा का रविवार को हुआ प्रसारण, केबीसी की तर्ज पर हुए सवालों पर दिए जवाब से पाई फतह

दिल्ली से प्रसारित चढ़दी कलां टाईम टीवी में प्रसारित हुए गुरमत क्विज शो आओ बणिए गुरसिख प्यारा के वर्ल्ड प्रीमियर सीजन 36 में रायपुर की जसबीर कौर गुरुदत्ता और जसप्रीत कौर गुरुदत्ता ने प्रतियोगिता में खिताबी जीत दर्ज की है। बता दें कि दोनों रिश्ते में मां-बेटी हैं तथा महासमुंद निवासी सतपाल सिंह पाली की धर्मपत्नि एवं सुपुत्री हैं। बता दें कि इस क्विज में केबीसी के तर्ज पर पूछे गए सवालों और जवाब के जरिए सिक्ख इतिहास, सिक्खों की उपलब्धियां, गुरबाणी की जानकारी देने वाला विश्व प्रसिद्ध टीवी क्विज शो है। सीजन 36 के सातवें-आठवे एपिसोड में श्याम नगर निवासी जसबीर कौर और नवें एपिसोड जसप्रीत कौर गुरमत ज्ञान मिशन द्वारा चयनित हुई, इस प्रोग्राम में प्रश्नों का उत्तर देती हॉट सीट पर नज़र आई और आपने टाइटल विनर का खिताब जीता है। इस बड़े प्रोग्राम में पहुंच कर इन्हें काफी गुरमत ज्ञान हासिल हुआ साथ ही राजधानी सहित प्रदेश को भी इस क्विज के माध्यम से गौरवान्वित किया है। यह एपिसोड रविवार को प्रसारित हुआ।

जसप्रीत कौर ने बताया कि इस माध्यम से श्री गुरु ग्रंथ जी का पाठ, गुरु इतिहास जानने व समझने का मौका मिला। साथ ही ₹आओ बणिए गुरसिख प्यारा₹ क्विज शो सेलेक्सन टेस्ट शहीद भाई तारु सिंह फाउंडेशन रजिस्टर्ड गुरुनानक नगर में हुआ और उन्होनें इसकी तैयारी के लिए सहयोगी ममता कौर, सरोज कौर एवं मंजीत सिंह, गोबिंद तथा गुरमत ज्ञान मिशन टीम का प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश, आओ बनिए गुरसिख प्यारा टीम व भाई तारु सिंह फाउंडेशन, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का आभार माना। डब्ल्यू वाय बी ओ आर (बायबर टीवी) प्रसारणकर्ता के प्रायोजक सिमको हेयर फिक्सर कंपनी के (सरदार कुलदीप सिंह बग्गा) रही। एंकर डॉ.हरजिंदर सिंह (कनाडा) एवं सरदार कुलमोहन सिंह कार्यक्रम के होस्ट रहे।

प्रतिभागी चयन संजोजक सरदार मंजीत सिंह गोबिंद ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सभी ने विजयी प्रतिभागियों के खिताबी जीत दर्ज कि जाने पर हर्ष जताया। उन्होने बताया कि इस शो को यूट्यूब चैनल पर आओ बणिए गुरसिक्ख प्यारा में भी देखा जा सकेगा।

## कांवरिया संघ के तत्वावधान में हजारों कांवरियों ने भक्ति भाव से किया कूच

# देवधारा जलप्रपात से उठी आस्था की लहर, जुटे शिवभक्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पिथौरा (ग्रामीण)



सावन मास पर श्रद्धा, भक्ति और समर्पण के रंग में रंगकर बोल बम कांवरिया संघ के तत्वावधान में हजारों शिवभक्तों ने देवधारा जलप्रपात से पवित्र जल भरकर नगर में भव्य कांवर यात्रा निकाली। नारंगी वस्त्रों में सजे श्रद्धालु जब हर हर महादेव और बोल बम के जयकारों के साथ नगर भ्रमण पर निकले, तो वातावरण शिवमय हो गया। यह भक्ति यात्रा सिरपुर स्थित प्राचीन एवं ऐतिहासिक गंधेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक हेतु आज सोमवार को रवाना होंगे। यात्रा के दौरान नगरवासियों द्वारा जगह-जगह कांवरियों का स्वागत किया गया। भक्तों की टोलियों के साथ डमरू की गूंज, ढोल-नगाड़ों की ताल और भजन-कीर्तन की मधुर ध्वनि ने सम्पूर्ण नगर को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। यह आयोजन न केवल शिवभक्ति की एक परंपरा है, बल्कि सामाजिक एकता और संयम का सशक्त प्रतीक भी बन गया है। बोल बम कांवरिया संघ द्वारा प्रतिवर्ष सावन मास में यह यात्रा आयोजित की जाती है। इस वर्ष संघ के अध्यक्ष आकाश अग्रवाल के नेतृत्व में यात्रा को भव्य रूप प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि यह केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि शिवभक्ति की साधना है जो समाज को सेवा, समर्पण और सौहार्द का संदेश देती है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विभिन्न पड़ावों पर जलपान, प्राथमिक उपचार, चिकित्सा सहायता और विश्राम की समुचित व्यवस्था की गई है। कई सामाजिक लोगों ने सेवा शिविर लगाकर यात्रा में सहयोग प्रदान किया। कांवरिये सिरपुर पहुंचकर गंधेश्वर महादेव के पावन शिवलिंग पर जलाभिषेक करेंगे और समाज की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना करेंगे। बोल बम कांवरिया संघ की इस विशाल और सफल यात्रा के पीछे समिति के समर्पित पदाधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान है। संघ के अध्यक्ष आकाश अग्रवाल के नेतृत्व में अनंत सिंह वर्मा, हरजिंदर सिंह पप्पू, नरेंद्र सेन, विक्की सलूजा, राजेश गोयल, जितेंद्र सिन्हा, जतिन ठक्कर, निलेश ठक्कर, नरेंद्र डड़सेना, प्रियांशु दीक्षित, बबलू सोनी, इंद्रजीत सिन्हा, अनिमेष डे, दुर्गेश सिन्हा, अभिनव मिश्रा, तरुण सिन्हा, अंकित शर्मा, मोनू सलूजा, राजू निर्मलकर, रवि आरके, संजय सिन्हा, कोमल चौबे, रमेश सिन्हा व अन्य लोगों ने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। इन सभी पदाधिकारियों ने यात्रा की योजना, व्यवस्थापन, सेवा कार्य और श्रद्धालुओं की सुरक्षा-सुविधा में उल्लेखनीय योगदान दिया, जिससे यह भक्ति यात्रा न केवल भव्य, बल्कि अनुशासित और प्रेरणादायक बन सकी।

### प्राचीन व ऐतहासिक है सिरपुर का गंधेश्वर महादेव

सिरपुर स्थित गंधेश्वर महादेव मंदिर छत्तीसगढ़ का एक प्राचीन और ऐतिहासिक शिवधाम है, जो महानदी के तट पर स्थित है। यह मंदिर 8वीं शताब्दी के सोमवंशी शासकों के समय का माना जाता है और अपनी अद्भुत शिल्पकला, भव्य स्थापत्य और आध्यात्मिक महत्ता के लिए प्रसिद्ध है। गंधेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव लिंग रूप में विराजमान हैं और सावन माह में यहां श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ती है। मंदिर परिसर में बुद्धकालीन स्तूपों और भग्नावशेषों के दर्शन भी होते हैं, जो सिरपुर को हिन्दू-बौद्ध सांस्कृतिक संगम का जीवंत प्रमाण बनाते हैं।

# नर्रा सोसाइटी में खाद लेने किसानों की उमड़ी भीड़



**नर्रा।** प्राथमिक साख सहकारी समिति नर्रा सोसायटी के अंतर्गत 250 से 300 किसानों ने खाद लेने पहुंचे थे। ज्ञात हो कि इन दिनो रोपा बियासी के लिए खाद की आवश्यकता पड़ने लगे है, लेकिन सोसाइटियों में पर्याप्त मात्र में खाद उपलब्ध नही है। खाद लेने सोसायटी में सुबह से किसानों की भीड़ देखी गई। इससे किसानों को सही समय पर बियासी रोपाई के लिए खाद नही मिलने से बहुत ही परेशान है। वही प्रदेश के सीमा से लगे ओडिशा राज्य खरियाररोड से डीएपी 1600 से 1700 रुपए और यूरिया 400 से 500 रुपए में खरीदने को मजबूर है। क्षेत्र में शनिवार को गरज चमक के साथ अच्छी बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत जरूर मिली है। इस तरह बाहरा नार खेतों में अब धार चलने लग गए है। अब बियासी रोपा कार्य में तेजी आएगी। इस संबंध में नर्रा सोसायटी के कर्मचारी से जानकारी लेने पर बताया कि डीएपी खाद 200 पैकेट और यूरिया 500 पैकेट आया था, जिसमें छोटे किसान को एक पेकेट और बड़े किसान को दो से तीन पैकेट देकर संतुष्ट करना पड़ा। जबकि, 1 एकड़ में कम से कम 1 पैकेट डीएपी और चार पैकेट यूरिया की जरूरत है। कुछ किसानों को खाद नहीं मिलने से मायूस होकर लौटना पड़ा।

## खबर संक्षेप



### हरी सब्जियों के लिए बारिश बनी आफत

**धमतरी।** अंचल में सप्ताह भर से हो रही बारिश से हरी सब्जियों का उत्पादन प्रभावित हो गया है। पौधों में लगे फल बारिश, बदली के कारण गलने लगे हैं। पौधे पानी में डूब गए हैं। उत्पादित हरी सब्जियां मार्केट आते-आते खराब होने लगी हैं इसलिए चिल्हर बाजारों में कीमत बढ़ गई है। दोगुने रेट से उपभोक्ता परेशान हैं। किसानों का कहना है कि फलों में अनवरत बारिश की बूंदें पड़ने से तत्काल गल जाते हैं। खराब माल को फेंकना पड़ता है। सब्जी विक्रेता अशोक निषाद, हेमंत सोनकर ने बताया कि बाड़ियों से सब्जियों की आवक कम हो गई है। सप्लाई कम होने से कीमत बढ़ जाती है। शहर के इतवारी बाजार में रविवार को ग्राहकों की काफी भीड़ नजर आई। सब्जियों के रेट अधिक होने से उन्हें निराश होना पड़ा। विक्रेताओं ने बताया कि रविवार को खेखसी 300 रुपए किलो, सेमी 100-130 रूपए, मुनगा, हरा मिर्च, हरा धनिया, ढेंस, शिमला मिर्च 100 रुपए किलो, बरबट्टी, ग्वारफली, गोभी, तोराई, परवल 80 रुपए किलो रहा। कुंदरू, करेला, भिंडी, डोड़का, कोचई 60 रुपए किलो तो गाजर, केला, कटहल 50 रुपए किलो बिका। भटा, कुम्हड़ा, टमाटर, पत्तागोभी, मूली 40 रुपए किलो रहा। लौकी 20 रुपए किलो बिकी।

### कांग्रेस 22 को करेगी आर्थिक नाकेबंदी

**धमतरी।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी एवं पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं पर ईडी द्वारा की जा रही लगातार कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस द्वारा 22 जुलाई मंगलवार को सेहराडबरी (बाईपास सिग्नल) के पास दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक आर्थिक नाकेबंदी की जायेगी। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शरद लोहाना ने पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठ से उपस्थिति की अपील की है।

### हरेली त्योहार 24 को

**धमतरी।** विप्र विद्वत परिषद ने बताया कि इस वर्ष हरियाली अमावस्या एवं हरेली त्योहार 24 जुलाई गुरुवार को मनाया जाएग। परिषद के मिडिया प्रभारी पंडित राजकुमार तिवारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ का पहला त्योहार हरेली के बाद से बाकी तीज त्योहार प्रारंभ हो जाता है। इसे हरियाली अमावस्या के नाम से जाना जाता है। हरेली का मतलब हरियाली होता है। छत्तीसगढ़वासी पूरे विश्व में हरियाली छाई रहे और हमेशा सुख शांति बनी रहे, ऐसी कामना करते हुए हरेली त्योहार मनाते हैं।

### कौशल तिहार पर 21 से 23 तक प्रतियोगिता

**धमतरी।** राज्य में कौशल तिहार-2025 का आयोजन कौशल प्रतियोगिता के माध्यम से कौशल प्रशिक्षित एवं प्रशिक्षणरत युवाओं को प्रोत्साहित करने तथा उनके कौशल के प्रदर्शन पर केंद्रित है। कौशल उत्सव का उद्देश्य युवाओं में कौशल के प्रति जागरूकता लाना और विजेताओं को इंडिया स्किल्स 2025 की क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय प्रतियोगताओं के लिए तैयार करना है, जो संभवतः वर्ल्ड स्किल्स 2026 में देश का प्रतिनिधत्व करेंगे। सहायक संचालक जिला कौशल विकास प्राधिकरण ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन जिला स्तर पर 21 से 23 जुलाई एवं राज्य स्तर पर 28 से 30 जुलाई तक किया जायेगा।

### सात किग्रा गांजा के साथ तीन आरोपी पकड़ाए

**धमतरी।** उड़ीसा से गांजा लाकर धमतरी में बेच रहे उड़ीसा के दो युवकों के साथ राजनांदगांव की एक युवती को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पिछले तीन दिन में गांजा को लेकर यह तीसरी कार्रवाई है। पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। सावन माह में शराब की बिक्री कम हो जाती है, लेकिन गांजा, भांग की बिक्री बढ़ जाती है। पुलिस गांजा की बिक्री पर लगातार नजर रख रही है, जिसका सार्थक परिणाम भी सामने आ रहा है। पिछले तीन दिन में गांजा बिक्री के तीन मामले पकड़े गए। सबसे बड़ा मामला रविवार को सामने आया जिसमें उड़ीसा के गांजा तस्करों का भंडाफोड़ हुआ।

खेल : जिले के 23 तीरंदाजी खिलाड़ी खेल अकादमियों में ले रहे है प्रशिक्षण

# चैंपियनशिप जीतकर हरियाणा में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की तैयारी में महासमुंद की पद्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय खेल प्राधिकरण (साईं) बहालगढ़ सोनीपत हरियाणा में पद्मा साहू पिता वेदराम साहू अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। भारतीय खेल प्राधिकरण (साईं) रायपुर में संजय सोनवानी पिता धन्नू सोनवानी, नवलीन कौर छाबड़ा पिता अरविंद छाबड़ा, हेमंत निषाद पिता जुगेश्वर निषाद, राहुल, तोरण यादव पिता नेतराम यादव, सत्यम साहू प्रशिक्षण ले रहे हैं। स्व. कोदूराम वर्मा खेल अकादमी रायपुर में गणेशू पिता विजय लाल, राहुल धीवर, कुशोराम पिता मनाराम साहू, देविका साहू पिता टीकम साहू, दिलेश्वरी साहू पिता चंद्रशेखर साहू प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। खेलों इंडिया एक्सीलेंसी सेंटर बेहतराई बिलासपुर में टोपू ध्रुव पिता ओकेश ध्रुव, प्रियांशु साहू पिता राकेश साहू, कमलेश साहू पिता चंद्रशेखर साहू, भास्कर साहू, अमर सबर पिता प्रांती सबर, चांदनी साहू पिता बलदेव साहू, जया पहाटिया, तृषा प्रजापति, चांदनी साहू, वैशाली साहू, यामिनी साहू आवासीय खेल अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।



### अलग-अलग जगह ले रहे प्रशिक्षण

खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे ने बताया कि जिले से बाहर राष्ट्रीय खेल अकादमी हरियाणा में 01, बिलासपुर में 11 एवं रायपुर साईं सेंटर व खेल अकादमी रायपुर में 11 कुल 23 तीरंदाजी खिलाड़ी आवासीय खेल अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इससे पहले ये सभी खिलाड़ियों ने अपनी प्रारंभिक अभ्यास महासमुंद जिले में खेलों इंडिया लघु केंद्र खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद द्वारा एकलव्य आवासीय विद्यालय भोरिंग में प्राचार्य एकलव्य महेंद्र टंडन, तीरंदाजी प्रशिक्षक एवन कुमार साहू, हीरू साहू, डॉ. सुनील कुमार भोई व्यायाम शिक्षक के नेतृत्व में तथा बॉल आश्रम बिहाझर बागबाहरा में जिला तीरंदाजी संघ अध्यक्ष डॉ. विकास अग्रवाल, सचिव एवन कुमार साहू तथा छात्रावास अधीक्षक बॉल आश्रम डॉ. पुरेंद्र चंद्राकर, खेल शिक्षक पिरित राम साहू, संजय पैकरा, अरविंद छाबड़ा, सोमनाथ साहू, ऋषि साहू, हिरेंद्र देवांगन के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में नियमित अभ्यास करते हुए चयनित हुए हैं।

### खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं देने विभागत प्रयासरत

खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं एवं आगे बढ़ाने में भारतीय आर्चरी एसोसिएशन उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका एवं कैफ्रीन होम लिमिटेड रायपुर, छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, जिला तीरंदाजी संघ का सहयोग रहा। जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग महासमुंद के खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे का विशेष सहयोग रहा हैं जिसके माध्यम से समय समय पर खेल संसाधनों की उपलब्धता, ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर, संभाग, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन, खेल अकादमी में प्रवेश कराया गया। वर्तमान में खेलों इंडिया लघु केंद्र खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद द्वारा संचालित केंद्र में 45 खिलाड़ी प्रतिदिन अभ्यास करने शामिल होते हैं तथा बॉल आश्रम बिहाझर बागबाहरा में 35 खिलाड़ी अभ्यास कर रहे हैं। शासन की योजनाओं से महासमुंद जिले में तीरंदाजी खेल का विकास किया जा रहा हैं। जिसमें शासकीय उमावि बकमा बागबाहरा, शासकीय उमावि कोमाखान, शासकीय उमावि खोपली बागबाहरा, पीएमश्री आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल बागबाहरा एवं पीएम इंग्लिश मीडियम स्कूल बसना में पहल किया गया हैं।

### जिले के खिलाड़ियों की उपलब्धि

38वां नेशनल गेम्स उत्तराखंड 2025 में चांदनी साहू तीरंदाजी खिलाड़ी ने इंडियन राउंड के व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक एवं इंडियन राउंड के टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने में सफल रहीं। छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा नगद राशि देकर सम्मानित किया गया, जिसमें जिले की तीरंदाजी खिलाड़ी चांदनी साहू को व्यक्तिगत इंडियन राउंड में सिल्वर मेडल जीतने के लिए 3, 20, 000 रुपए एवं टीम इवेंट में कांस्य पदक जीतने के लिए 1, 20, 000 रुपए मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सम्मान प्रदाय किया गया। नेशनल गेम्स उत्तराखंड में जिले की पद्मा साहू तीरंदाजी खिलाड़ी ने कंपाउंड राउंड में प्रतिनिधित्व किया। 31वीं एनटीपीसी सीनियर नेशनल तीरंदाजी चैंपियनशिप जमशेदपुर झारखंड में चांदनी साहू, सत्यभामा साहू, पद्मा साहू की भागीदारी रही। 44 वीं एनटीपीसी जूनियर नेशनल तीरंदाजी चैंपियनशिप बोलपुर पश्चिम बंगाल में चांदनी साहू, सत्यभामा साहू, पद्मा साहू, जया साहू, नवलीन कौर छाबड़ा, तोरण यादव, कमलेश साहू की भागीदारी रही। 40 वीं एनटीपीसी सब जूनियर नेशनल तीरंदाजी चैंपियनशिप रायपुर छत्तीसगढ़ में आयोजित किया गया था। जिसमें पद्मा साहू ने 03 पदक जीतने में सफल रहीं, जिसमें 01 स्वर्ण, 02 कांस्य पदक शामिल हैं। मिनी राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में जया पहाटिया, चांदनी साहू, टुकेश साहू, पीयूष, नमन मांझी, लक्ष्मण चंद्राकर व वैशाली साहू ने भागीदारी की है।



### राज्य स्तरीय अन्वेषा 2.0 क्विज़ प्रतियोगिता में मोक्षांशी ने हासिल किया प्रथम स्थान

**पिथौरा (ग्रामीण)।** राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा रायपुर स्थित न्यू सर्किट हाउस में आयोजित राज्य स्तरीय अन्वेषा 2.0 प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पिथौरा विकासखंड के ग्राम गड़बेड़ा निवासी मोक्षांशी पटेल ने प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता 18 जुलाई को आयोजित की गई थी, जिसमें प्रदेशभर के 28 महाविद्यालयों से 56 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता मोक्षांशी पटेल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।



### पिथौरा में गुरु पूर्णिमा महोत्सव सम्पन्न, साध्वी राधिका किशोरी ने दिया दिव्य उद्बोधन

**पिथौरा (ग्रामीण)।** जय राघव, जय माधव भक्त मंडल परिक्षेत्र पिथौरा के तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया। यह आयोजन स्थानीय गुरु तेग बहादुर धर्मशाला परिसर में हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता उत्तरप्रदेश से पधारी साध्वी राधिका किशोरी रहीं, जिन्होंने प्राचीन गुरु-शिष्य परंपरा पर दिव्य उद्बोधन प्रस्तुत किया। उनके प्रवचन में गुरु की महिमा, मार्गदर्शन और जीवन में उनके महत्व को हृदयस्पर्शी ढंग से प्रस्तुत किया गया। आयोजन का वातावरण भक्तिभाव और श्रद्धा से सराबोर रहा।

# विकास की नई राह : विधायक अग्रवाल के अथक प्रयासों से मिली क्षेत्र को करोड़ों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

विधानसभा क्षेत्र बसना में विकास की एक नई लहर दौड़ रही है। विधायक डॉ. संपत अग्रवाल के सतत प्रयासों और समर्पित जनप्रतिनिधित्व के परिणामस्वरूप राज्य सरकार ने क्षेत्र की तीन बड़ी सड़क परियोजनाओं के लिए लगभग 10.52 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। यह स्वीकृति ग्रामवासियों की लंबित समस्याओं और परिवहन व्यवस्था को सुचारु करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि मेरे लिए जनता की मूलभूत समस्याएं सर्वोपरि हैं। मैंने ग्रामवासियों की परेशानियों को राज्य सरकार तक पहुंचाया और सरकार ने इन पर त्वरित निर्णय लेते हुए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की। यह सिर्फ विकास नहीं, विश्वास की जीत है। विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि तीन प्रमुख मार्गों पर राज्य सरकार द्वारा स्वीकृति प्राप्त हुई है। जिसमें बसना अरेकेल मार्ग तक पुल-पुलिया सहित 1.40 किलोमीटर लंबाई की सड़क निर्माण कार्य के लिए 184.30 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हुई है। वहीं खुर्सीपहार-सिरको-जमड़ी मार्ग एनएच-53 से सिरको होते हुए जमड़ी तक पुल-पुलिया सहित 3.10 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य के लिए 424.35 लाख रुपए की स्वीकृति प्राप्त हुई। ग्राम ठाकुरपाली-अखराभांठा-टुकड़ा मार्ग में पुल-पुलिया सहित 2.425 किलोमीटर लंबाई की सड़क निर्माण कार्य के लिए 443.83 लाख की स्वीकृति प्राप्त हुई।



विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने कहा कि इन विकास परियोजनाओं से क्षेत्र में आवागमन सहज होगा और सुदूर ग्रामों तक सड़क संपर्क सुनिश्चित किया जा सकेगा। इससे कृषि, व्यापार और शिक्षा को नया बल मिलेगा, जबकि जलभराव एवं मौसमी बाधाओं से राहत मिलेगी। आपातकालीन सेवाओं की पहुंच भी तेज और प्रभावी होगी, जिससे पूरे क्षेत्र में समग्र विकास की नई गति देखने को मिलेगी। विधायक डॉ. अग्रवाल ने कहा कि विकास की राजनीति ही जनसेवा की वास्तविक दिशा है। मेरा उद्देश्य है कि क्षेत्र का समग्र और समावेशी विकास सुनिश्चित किया जा सके। इन योजनाओं के क्रियान्वयन से ग्रामीण जीवन में गुणवत्ता का नया दौर शुरू होगा।

# जनता के बीच पहुंचकर विधायक ने सुनी समस्याएं, खरोरा में लगा जनचौपाल

**महासमुंद।** महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा रविवार को ग्राम खरोरा के जनचौपाल में पहुंचे और लोगों की समस्याओं को सुना। साथ ही उनकी समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। बता दें कि करीब डेढ़ माह से स्वास्थ्यगत कारणों विधायक सिन्हा बेड रेस्ट पर थे। इस दौरान भी अपने निवास में ही आमजन से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर निराकरण करते रहें। अब स्वास्थ्य में कुछ सुधार होने पर फिर से स्वयं जनता के बीच पहुंच रहे हैं।



रविवार को ग्राम खरोरा में आयोजित जनचौपाल में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा जनता से रूबरू होने पहुंचे। अलग-अलग समस्याओं को लेकर पहुंचे ग्रामीणों से विधायक सिन्हा ने विस्तार से चर्चा की। साथ ही उन्हें निराकरण का पूरा आश्वासन दिया। ग्रामीणजनों ने कृषि से संबंधित सहित अलग-अलग समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा।

इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि मेरे विधानसभा क्षेत्र की जनता के प्रति मेरा पूरा समर्पण हमेशा रहेगा। जिस विश्वास के साथ जनता ने मुझे चुना है, उस विश्वास को कायम रखने के लिए मैं पूरा प्रयासरत हूं। हमारी सरकार जनता के लिए ही है, जनता की सेवा के लिए संकल्पित है। हमारी सरकार किसान भाइयों के हित में कार्य कर रही है। गरीबों को आवास देने का कार्य कर रही है। युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध करा रही है। इस दौरान ग्राम सरपंच वीणा कमलेश चंद्राकर, भाजपा नेता पवन पटेल, मुन्ना साहू, संदीप घोष, अरविंद प्रहरे उपस्थित थे।



### सीमा पर तैनात जवानों के लिए महिलाओं ने भेजा रक्षासूत्र

**महासमुंद।** सीमा पर डटे सैनिक साहस और त्याग के आगे हर शब्द छोटा है। सुरक्षा जवानों के कारण ही हम निश्चिंत होकर मुस्कुरा पाते हैं। ये राखी का धागा हमारी भावनाओं और आपके बलिदान का प्रतीक है। आप सदा सुरक्षित और विजयी रहें, यही हमारी दुआ है। जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर का। जनपद पंचायत महासमुंद से देश की सीमा पर सुरक्षा के लिए तैनात सैनिकों के लिए राखी, धागे, मिट्टी और तिलक महासमुंद जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे को सौंपा। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। उन्होनें कहा कि यह पहल केवल एक पर्व की भावना नहीं, बल्कि राष्ट्रप्रेम और एकता का संदेश भी है।

# श्रीमद् महागणेश महायज्ञ में विधायक ने लिया गुरु आशीर्वाद, जनदर्शन में जताई जनभावनाओं की चिंता

**बसना।** बसना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अंसुला में चल रहे श्री श्री 108 श्रीमद् महागणेश महायज्ञ में बसना विधायक डॉ संपत अग्रवाल सपरिवार पहुंचकर श्रीश्री 108 सद्गुरु सियाराम दास महाराज के चरणों में गुरु दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने छत्तीसगढ़ प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

विधायक डॉ अग्रवाल ने कहा, धार्मिक अनुष्ठानों में जनभागीदारी से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। आज गुरुदेव के सान्निध्य में आकर जो दिव्यता और शांति मिली है, वह संपूर्ण समाज के कल्याण की भावना को और दृढ़ करती है। मैं प्रदेशवासियों की मंगलकामना करता हूँ कि हर घर में खुशहाली, स्वास्थ्य और समृद्धि बनी रहे। ग्राम अंसुला पहुंचने पर विधायक डॉ अग्रवाल ने ग्रामवासियों से सौजन्य भेंट कर उनकी समस्याओं को सुना। क्षेत्रीय जनता की



भावनाओं को ध्यान में रखते हुए उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं व स्थानीय प्रशासन को त्वरित समाधान हेतु निर्देश दिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि हर समस्या का निवारण प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित किया जाएगा। विधायक डॉ अग्रवाल ने व्यक्तिगत रूप से आश्वस्त करते हुए कहा था कि कोई भी मुद्दा अनसुना नहीं रहेगा। सरकार जनभावनाओं के अनुरूप पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। विधायक अग्रवाल ने कहा कि गांववासियों से मिलकर उनकी समस्याओं को समझा और उनके समाधान का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा हमारी सरकार हर ग्रामवासी के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश अग्रवाल, पिथौरा मंडल के पूर्व अध्यक्ष नरेश सिंघल, नगर पंचायत बसना के पूर्व उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य स्वप्निल तिवारी, विधायक प्रतिनिधि सोनू छाबड़ा, मथामणी बढ़ाई, त्रिलोचन भोई, ग्राम अंसुला के सरपंच तथा ग्रामीण मौजूद रहे।

# नवीन पाठ्य पुस्तक पर आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण

**महासमुंद।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में कक्षा 6वीं के नवीन पाठ्य पुस्तक पर आधारित गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान विषय के लिए पांच दिवसीय बीआरजी प्रशिक्षण प्राचार्य डॉ. विजय खंडेलवाल, सहायक प्राध्यापक अरुण प्रधान एवं प्रशिक्षण प्रभारी व्याख्याता राजेश चंद्राकर के मार्गदर्शन में हुआ। उद्घाटन अवसर पर डाइट प्राचार्य डॉ. विजय कुमार खंडेलवाल ने जिलेभर से आए मास्टर ट्रेनर्स को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में इस वर्ष से कक्षा छठवीं के लिए पाठ्य पुस्तकों में बदलाव विद्यार्थियों के लिए नवीन उपलब्धि भरा पाठ्यक्रम है इससे गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान जैसे महत्वपूर्ण विषयों को गतिविधियों के माध्यम से सीखेंगे।



सहायक प्राध्यापक अरण प्रधान एवं प्रशिक्षण प्रभारी वरिष्ठ व्याख्याता राजेश चंद्राकर ने कहा कि कला शिक्षा, खेल यात्रा एवं व्यावसायिक पाठ्यकमरों के समाहित होने से बच्चों में रुचिकर शैक्षिक यात्रा प्रारंभ होगी। प्रशिक्षण के समापन पर वरिष्ठ व्याख्याता उमादेवी शर्मा, संतोष कुमार साहू, टेकराम सेन, किरण कन्नौजे, दुर्गा सिन्हा, तिलोतमा प्रधान, सुमन दीवान ने कहा कि नवीन पाठ्यपुस्तकों का नामकरण अत्यंत आकर्षक व मनोहारी है, इससे बच्चों में विषयों के प्रति आकर्षण पैदा होगा। प्रशिक्षण के दौरान सामाजिक विज्ञान विषय के डीआरजी लोरिश कुमार, बद्रिका ध्रुव, कमलेश दीवान, विज्ञान के डीआरजी, नरेश साहू, खेमलता प्रधान, नकुल राम साहू इसी प्रकार गणित विषय के डीआरजी अक्षय कुमार साहू एवं राम प्रसाद साहू द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुये विषयगत जानकारी दी गई। विज्ञान विषय (जिज्ञासा) के प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण प्रभारी दुर्गा सिन्हा के निर्देश में माता कर्मा कन्या महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. स्वेतलाना नागर द्वारा फोल्ड स्कोप नवाचारी सूक्ष्मदर्शी का प्रदर्शन किया गया। प्रशिक्षण की सफलता में व्याख्याता कमलेश पांडेय, लक्ष्मी सिन्हा, ईश्वर चंद्राकर, झरना साहू का विशेष योगदान रहा। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता टेकराम सेन ने किया। उक्त जानकारी व्याख्याता दुर्गा सिन्हा, किरण कन्नौजे एवं तिलोतमा प्रधान ने दी है।

# 151 पार्थिव शिवलिंग का 51 लीटर दूध और जल से हुआ अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

शिवभक्त समूह श्री शीतलेश्वर महादेव समिति द्वारा रविवार को इंडोर स्टेडियम में 151 पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक किया गया जिसमें 51 लीटर दूध और जल का उपयोग किया गया। अभिषेक अनवरत 3 घंटे तक चला, जिसमें हजारों भक्तों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम सुबह 10 से 1 बजे तक चला। इस अवसर पर दूसरो शहरों से पहुंचे शिवभक्तों ने भी अभिषेक में भागीदारी निभाई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भोलेनाथ की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई।

समिति के यशवंत साहू, चंद्रहास महार, पिंटु ध्रुवंशी, कुंदन सिंह, नीलमणि पावरिया, करण सिंह ने बताया कि रूद्राभिषेक भगवान शिव की विशेष पूजा है। सावन माह में भक्तों द्वारा रूद्राभिषेक, जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक के साथ पूजा-अर्चना की जाती है। इस कार्यक्रम में हजारों भक्तों ने हिस्सा लिया। शिवभक्त मिट्टी, रेत से बनाए पार्थिव शिवलिंग लेकर कार्यक्रम स्थल आए थे। गुरुकुल श्रीधाम वृंदावन के पंडित वीरेंद्र चौहान व अन्य चार पंडितों की अगुवाई में पूजा अर्चना हुई। अभिषेक के बाद



दोपहर 2 बजे विशाल भंडारा प्रसादी वितरण का कार्यक्रम हुआ। संध्या 4 बजे भव्य शोभायात्रा का विसर्जन किया गया।

पं. वीरेंद्र चौहान ने बताया कि सावन माह में भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना करने से यश, मान, सम्मान, निरोगी काया की प्राप्ति होती है। पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक करने से शिवजी की विशेष कृपा होती है। पूर्व जन्मों के पापों से मुक्ति मिलने के साथ इस जीवन में कष्ट, रोग, शत्रु, गृह दोष, बाधा दूर होती है।

किडनी डायलिसिस उपलब्ध | लेटेस्ट 96 स्लाइस सी. टी. स्कैन मशीन | सर्वसुविधायुक्त ICU & NICU | डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी की सुविधा | सभी प्रमुख ऑपरेशन की सुविधा



सर्जरी से जुड़ी सभी सुविधाएं उपलब्ध
- अपेंडिक्स का ऑपरेशन
- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- पाइल्स (फ़िस्टुला) का ऑपरेशन
- स्तन में गांठ का ऑपरेशन
- आंतो में रुकावट का ऑपरेशन
- हर्निया व अंडकोष का ऑपरेशन
- फ्रैक्चर एवं हड्डी के समस्त ऑपरेशन
- पथरी एवं मूत्र रोग, प्रोस्टेट ऑपरेशन
- हाइड्रोसील का ऑपरेशन
- पुरुष एवं महिला नसबंदी ऑपरेशन
- थायराइड का ऑपरेशन
- कान पर्दे के छेद का ऑपरेशन

लेप्रोस्कोपिक सर्जरी उपलब्ध
विशेषता :
- छोटे चीरे द्वारा ऑपरेशन
- कम समय में अस्पताल से छुट्टी
- कम रक्तस्त्राव व कम दर्द वाला ऑपरेशन
- संक्रमण की न्यूनतम संभावना
- कम खर्च

AGRAWAL NURSING HOME MULTISPECIALITY HOSPITAL
अग्रवाल नर्सिंग होम
100 बिस्तरों वाला सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल | 24x7 आपातकालीन सेवा उपलब्ध है
आयुष्मान/राशन कार्ड के अंतर्गत निःशुल्क ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
84618-11000, 77708-68473, 77730-86100 बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.)
सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा प्रतिदिन उपलब्ध

खबर संक्षेप

## सदस्यों को पंचायत योजनाओं एवं विभागीय गतिविधियों की दी गई विस्तृत जानकारी

**महासमुंद।** जिला पंचायत सदस्यों का तीन दिवसीय आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला पंचायत महासमुंद के सभाकक्ष में 16 जुलाई से 18 जुलाई तक आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आलोक के मार्गदर्शन में उपसंचालक पंचायत दीप्ति साहू और संकाय सदस्य दिनेश वर्मा के संयोजन में हुआ। प्रथम दिवस में प्रशिक्षण की शुरुआत पंचायत प्रणाली की भूमिका, बजट निर्माण, ऑडिट प्रक्रिया, पंचायत में कराए जाने वाले निर्माण कार्यों की प्रक्रिया एवं सूचना के अधिकार अधिनियम के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी से की गई। प्रतिभागियों को पंचायत के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक तकनीकी और विधिक पहलुओं से अवगत कराया गया। द्वितीय दिवस की शुरुआत महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा), प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), स्वच्छ भारत मिशन एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की जानकारी के साथ की गई। उपस्थित सदस्यों को इन योजनाओं की पात्रता, कार्यान्वयन एवं निगरानी प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया, जिससे वे अपने क्षेत्रों में इन योजनाओं का अधिक प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कर सकें। तृतीय दिवस को विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुतीकरण के रूप में आयोजित किया गया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं जैसे जननी सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, आंगनबाड़ी सेवाएं, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना आदि के बारे में जानकारी दी। इन योजनाओं के क्रियान्वयन, लाभार्थी चयन एवं शिकायत निवारण प्रक्रिया पर भी प्रकाश डाला गया। प्रशिक्षण में जिला पंचायत सदस्य कुमारी भास्कर, रामदुलारी सिन्हा, देवकी पटेल, देवकी पुरुषोत्तम दीवान, जगमोती भोई, नैन पटेल, लोकनाथ बारी, मोक्ष कुमार प्रधान, जागेश्वर जुगनू चंद्राकर एवं कारण सिंह दीवान की सक्रिय सहभागिता रही। इस अवसर पर जिला पंचायत लेखाधिकारी, सहायक परियोजना अधिकारी मौजूद रहे।

# बसना बीईओ डहरिया बने डीईओ, स्थानांतरण पर दी गई विदाई, पौधरोपण हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)

बसना विखं शिक्षाधिकारी जेआर डहरिया के पदोन्नत होकर जिला शिक्षाधिकारी सारंगढ़-बिलाईगढ़ के रूप में स्थानांतरण उपरांत प्राचार्य मंच विकासखंड बसना द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भंवरपुर में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन रखा गया।

मुख्य अतिथि डहरिया ने सरस्वती माता के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षाधिकारी विजय कुमार लहरे ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में वर्तमान बसना विखं शिक्षाधिकारी विनोद कुमार शुक्ला, एबीईओ लोकेश्वर कंवर, सरायपाली बीईओ प्रकाश मांझी, शिक्षक संघ अध्यक्ष किशोर रथ, वरिष्ठ प्राचार्य जगदीश जगत, एनके पंडा, यूएस पटेल एवं सरिता डहरिया उपस्थित थे। स्वागत उद्बोधन भंवरपुर कन्या शाला प्राचार्य सीडी चौधरी ने दिया। प्राचार्य जगदीश जगत, एनके पंडा, यूएस पटेल, बलदेव मिश्रा, शरद प्रधान, केके पुरोहित ने उनके कार्यकाल के दौरान किए गए अच्छे कार्यों, व्यवहार कुशलता, सहयोगात्मक संबंध और कार्य के प्रति समर्पण के लिए डहरिया की प्रशंसा की और जिला शिक्षा अधिकारी के रूप में पदोन्नत होने पर हर्ष जताया। इस अवसर प्राचार्य मंच बसना द्वारा शाल श्रीफल एवं स्मृति चिह्न से सम्मानित किया गया। प्राचार्य मंच बसना का आभार प्रकट करते हुए डहरिया ने कहा कि बसना कार्यकाल मेरे लिए शानदार रहा, प्राचार्यों का सहयोग, समर्पण, सहृदयता, शैक्षिक गुणवत्ता के लिए उनका प्रयास व अमूल्य सुझाव हमेशा मेरा मार्गदर्शन करता रहेगा। साढ़े छह वर्ष का समय कैसे बीता पता नहीं चला। कार्यक्रम को विनोद कुमार शुक्ला, प्रकाश मांझी, लोकेश्वर कंवर, किशोर रथ ने भी संबोधित किया।




कार्यक्रम को सफल बनाने में श्याम कुमार भोई, नवीन पटेल, मनोहर दीवान, प्रेमानंद भोई, अजय जायसवाल, किशोर ओगरे, आनंद दास, एसके पटेल, पीएन ठाकुर, चक्रधर पटेल, शरद कुमार प्रधान, उत्तरा कुमार चौधरी, यज्ञराम सिदार, दुर्योधन साव, श्याम सुन्दर साहू, शिवचरण भोई, टिकेश्वर पटेल, मधुमंगल प्रधान, प्रदीप चौधरी, कमलेश साहू, सिर्भय चौहान, रोहित शर्मा, अरविंद नंद सहित बसना विकास खंड के समस्त प्राचार्यों एवं स्कूल स्टॉफ कन्या शाला भंवरपुर महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन प्रेमानंद भोई प्रभारी प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुलारपाली और आभार प्रदर्शन कार्यक्रम संयोजक निमंकर पटेल प्राचार्य दुर्गापाली किया।

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में पहुंचे जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद विजय कुमार लहरे ने पदोन्नति के लिए जेआर डहरिया को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने प्राचार्यों से शैक्षणिक व सह शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में सारगर्भित चर्चा की और इस वर्ष महासमुंद जिले के शिक्षा विभाग के विजन और मिशन को स्पष्ट किया। उन्होंने पीएलसी ग्रुप और अधिक सक्रिय करने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में डीईओ ने एक पेड़ मां के नाम के तहत विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया।


इस अवसर पर उनके साथ पूर्व बीआरसी पूर्णानंद मिश्रा, प्रकाश मांझी, प्राचार्यगण सहित कन्या शाला भंवरपुर की छात्राएं मौजूद थीं। विद्यार्थियों से चर्चा के दौरान जब उन्हें पता चला कि कक्षा बारहवीं विज्ञान की छात्रा छाया निषाद के माता-पिता जीविकोपार्जन के लिए जम्मू-कश्मीर पलायन कर गए हैं। छात्रा अपने दादा-दादी के पास रहती है तो उन्होंने निश्चय किया है कि उनके माता-पिता के आते तक इस सत्र उक्त छात्रा के अभिभावक की भूमिका निभाएंगे। जिला शिक्षा अधिकारी के इस नेक व अनुकरणीय कार्य की प्रशंसा हो रही है।

# दादा गुरुदेव की धोलका से अजमेर तक चलित भाव यात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रविवार को विवेकसागर जी मसा आदि ठाना-2 की पावन निश्रा में जैनों के प्रथम दादागुरुदेव जिनदत्त सूरीश्वर की धोलका से अजमेर तक की भाव यात्रा बड़े धूमधाम से निकाली गई। प्रातः 8.30 बजे वल्लभ भवन में प्रवचन में विवेकसागर ने फरमाया कि अगर जिनदत्त सूरी की हस्ती ना होती तो जैनों की बस्ती ना होती। उन्होंने कहा की किसी भी व्यक्ति का जन्म दो बार होता है, पहली बार मां के गर्भ से और दूसरी बार जब उसे गुरु का सानिध्य मिलता है। जिनदत्त सूरी गुरुदेव ने एक लाख तीस हज़ार लोगों को जैन बनाया था।

स्थानीय मेघराज बगतावरमल श्रीश्रीमाल के निवास स्थान में दादागुरुदेव की जन्मस्थली धोलका नगरी सजाई गई थी, जहाँ उनके जन्म, दीक्षा, ग्रंथ रचना, अंधे की आँख में रोशनी देना, भयानक बिजली को अपने पात्र में समा लेना और लाखों जन को जैन बनाने की मनमोहक झांकी तैयार की गई थी। जैन मंदिर में प्रवचन के बाद सकल जैन संघ गांधी चौक स्थित धोलका नगरी गाजे बाजे के साथ पहुंचा, जहां श्रीश्रीमाल परिवार द्वारा द्वारोद्घाटन के पश्चात झांकियों का विश्लेषण व विवेचन के साथ प्रदर्शन हुआ। उसके बाद दादागुरुदेव की आरती और मंगलदीपक हुआ, जिसके लाभार्थी टीकमचंद मनोज कुमार पींचा परिवार और अनोपचंद जवेरीलाल गोलछा परिवार थे। तत्पश्चात धोलका नगरी से दादा गुरुदेव की पालकी यात्रा सकल संघ की उपस्थिति में गाजे बाजे के साथ अजमेर नगरी नेमीचंद मनोज कुमार मालू के मेघ बसंत स्थित निवास स्थान पहुंची। अजमेर नगरी में दादागुरुदेव की अष्टप्रकारी पूजा की गई।





ज्ञात हो कि अजमेर दादागुरुदेव जिनदत्त सूरी की साधना स्थली एवं स्वर्गारोहण स्थली है एवं अजमेर में विश्व की प्रथम दादबाड़ी स्थित है। रायपुर से पधारे केवल्यधाम के ट्रस्टी सुपारस गोलछा ने अजमेर में दादाबाड़ी के भव्य पुनर्निर्माण की जानकारी दी और सभी से वरदहस्त से सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर विचक्षण जैन विद्यापीठ के ट्रस्टी, आरईटीईई कॉलेज के चेयरमैन सहित रायपुर, दुर्ग, धमतरी, राजिम, फिंगेश्वर, बागबाहरा के अनेक लोग उपस्थित थे। साथ ही आकांक्षा सौरभ मालू के 11 उपवास के उपलक्ष्य में स्वामी वात्सल्य शांतिनाथ भवन में रखी गई थी। झांकी व्यवस्था के प्रमुख धीरज गोलछा ने बताया की प्रथम दादागुरुदेव के जीवन से जुड़ी अचरज भरी घटनाओं का जैन पाठशाला के बच्चों द्वारा मॉडल बनाकर जीवंत झाकी की रचना की गई थी, जिससे उनके जीवन को समझने और जानने का अवसर सभी को प्राप्त हुआ। उक्त जानकारी ललिता बरडिया एवं रितेश गोलछा ने संयुक्त रूप से दिया।

### रात को गुरु एकतीसा और भक्ति का आयोजन

जैन श्री संघ के सचिव सीए रितेश गोलछा ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि आज रात को धोलका नगरी में गुरु एकतीसा एवं मनोज मालू के निवास स्थान में परमात्म भक्ति का आयोजन किया गया है। इस पूरे आयोजन में नम्रता बरड़िया, नेहा लूनिया, निधि झाबक, कुमकुम पारख का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# स्वामी आत्मानंद विद्यालय कोमाखान के छात्रों ने बढ़ाया संस्था का मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

स्वामी आत्मानंद विद्यालय कोमाखान की नींव दो वर्ष पूर्व डाली गई थी, तब से निरंतर विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। बता दें कि इस वर्ष अंग्रेजी माध्यम का बोर्ड परीक्षा परिणाम भी शत प्रतिशत रहा है।

सेजेस कोमाखान में सत्र 2024-25 में अध्ययनरत कक्षा 5वीं और कक्षा 8वीं के अंग्रेजी और हिंदी माध्यम के चार छात्रों का इस वर्ष प्रयास आवासीय विद्यालय और नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है। कक्षा 5वीं के प्रतीक सेन पिता पीतांबर सेन का छिंदपाली सरायपाली में , मनीष दीवान पिता स्वर्गीय जामसिंह दीवान का कांकेर, मयंक देवांगन पिता वेदनाथ देवांगन कोरबा, अमित सिंह राजपूत हिंदी माध्यम मिडिल स्कूल का बिलासपुर में चयन हुआ है।

इन सभी छात्र छात्राओं की उपलब्धि पर विद्यालय परिवार गौरवान्वित हुआ है। विद्यालय के शाला विकास समिति अध्यक्ष हिरेंद्र उपाध्याय, सरपंच जवां बाई ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष व सदस्य नितिन जैन, आशीष वाकडे पूर्व सरपंच, गुलजार खान पूर्व अध्यक्ष, प्रदीप यादव विधायक प्रतिनिधि, युवा समाजसेवी व सदस्य पंकज जैन, पालक सदस्य वाजिद खान, नरेंद्र पटेल, भीमा साहू सहित विद्यालय के प्राचार्य हीरासिंग नायक, उपप्राचार्य अनिरुद्ध साहू, प्रधानपाठक रविंद्र राज सिंह ठाकुर, देवानंद वेदव्यास, ऋतुराज साहू, रवि ध्रुव, रूपाली साहू के साथ सभी शिक्षकों ने छात्रों की इस सफलता पर हर्ष जताया। गत वर्ष भी एक छात्र का नवोदय विद्यालय और एक का प्रयास विद्यालय में चयन हुआ था।



## खरोरा के शहीद स्मारक में पौधरोपण

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में भारत देश के स्वतंत्रता सेनानी प्रखर क्रांतिकारी और स्वाधीनता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले मां भारती के अमर सपूत बटुकेश्वर दत्त की जयंती पर पौधरोपण किया गया। जिसमें पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, माया राम साहू, हरीश कुमार चंद्राकर, प्रदीप चंद्राकर, कनक राम निषाद, राम प्यारे साहू, लक्ष्मीचंद्र दीवान, अरविंद कुमार साहू, अंजना चंद्राकर, गायत्री साहू, पूर्णिमा निषाद, रूचि, प्रणीत साहू, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

# किसानों को डीएपी उपलब्ध कराने में भाजपा सरकार नाकाम

## जिले में 22200 मीट्रिक टन डीएपी वितरण का लक्ष्य, भंडारण 7470 मीट्रिक टन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश के किसानों को डीएपी उपलब्ध कराने में भाजपा की साय सरकार पूरी तरह नाकाम हो चुकी है। सरकार द्वारा सहकारी समितियों में पर्याप्त खाद भंडारण होने की झूठे आंकड़े प्रस्तुत की जा रही है। जबकि, हकीकत यह है कि कहीं भी किसानों को डीएपी खाद नहीं मिल पा रहा है, केवल खुले बाजार में ही अधिक दाम पर डीएपी किसानों को मिल रहा है। श्री चंद्राकर ने कहा कि जिले के लिए खरीफ सीजन में 22200 मीट्रिक टन डीएपी की डिमांड था। लेकिन, पूर्व स्कंध को मिलाकर केवल 7470 मीट्रिक टन डीएपी ही जिले को मिला। पूर्व स्कंध 3280 तथा नवीन भंडारण 4190 मीट्रिक टन ही हो सका। इस तरह जिले को कुल 14730 मीट्रिक टन डीएपी प्राप्त ही नहीं हुआ है। आंकड़े के अनुसार जो डीएपी मिली वह सोसायटियों में वितरण के लिए पहुंचा या नहीं इस पर भी संशय है। क्योंकि, बाजार में आसानी से डीएपी की उपलब्धता कुछ और बयां कर रहा है। चंद्राकर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार को छत्तीसगढ़ के अन्नदाता किसानों की समस्या का कोई ख्याल नहीं। अभी खेतों में किसान रोपा लगा रहे हैं। रोपा लगाने के तत्काल बाद डीएपी की आवश्यकता पड़ेगी। लेकिन, सोसाइटियों में किसानों को डीएपी की कमी से जूझना पड़ रहा है। पहले कहा गया डीएपी के बदले एनपीके दिया जाएगा, लेकिन एनपीके की आपूर्ति भी सरकार नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार नहीं चाहती कि किसान भरपूर उपज ले सके। बोनी के समय सबसे ज्यादा आवश्यकता डीएपी खाद और बीज की ही होती है, लेकिन इस सरकार का रवैया शुतुरमुर्ग की तरह है। खरीफ फसल के पूर्व ही सरकार को डीएपी व सभी खाद की व्यवस्था कर लेनी थी। लेकिन, यह सरकार ना खाद के रेक की व्यवस्था कर पाई है, ना समुचित रूप से कही भंडारण की व्यवस्था है।



# प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा के लिए तीसरा टेस्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा 2025 को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन एवं अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी रवि साहू, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे के दिशा निर्देश में संचालित नवकिरण अकादमी में प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा के लिए 04 टेस्ट सीरीज के क्रम में रविवार को तीसरा टेस्ट का आयोजन किया गया। जारी विज्ञप्ति में जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी डी.बसंत साव ने बताया कि 04 टेस्ट सीरीज के क्रम में रविवार को तीसरा टेस्ट पेपर प्रयोगशाला परिचारक संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट - 03 हुआ। जिसमें कुल 100 नंबर का पेपर हुआ। इसमें भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, भारत का भूगोल, छत्तीसगढ़, भारत एवं छत्तीसगढ़ की समसामयिक घटनाएं आदि के 100 प्रश्न पूछे गए थे। तीसरा टेस्ट पेपर में संस्था में अध्यनरत एवं संस्था के बाहर के पंजीकृत अभ्यर्थियों ने शामिल होकर टेस्ट दिलाया। 04 टेस्ट सीरीज के क्रम चौथा टेस्ट पेपर प्रयोगशाला परिचारक संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट - 04 आगामी 26 जुलाई 2025 शनिवार को आयोजित किया जाएगा। साव ने आगे बताया कि आगे आयोजित होने वाले टेस्ट में तैयारी करने वाले और प्रयोगशाला परिचारक परीक्षा में शामिल होने वाले इच्छुक परीक्षार्थी जानकारी प्राप्त करने और पंजीयन कराने कार्यालय नवकिरण अकादमी महासमुंद में आकर संपर्क कर सकते हैं।

# बम्हनी स्कूल में छात्रसंघ का हुआ गठन, शाला नायक बनीं यामिनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बम्हनी में सत्र 2025-26 के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन के लिए संस्था के प्राचार्य जीएस कागजी की अध्यक्षता एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं के सहयोग से विधिवत छात्रसंघ का गठन किया गया। जिसमें शाला नायक यामिनी यादव (12वीं), चांदनी साहू उपशाला नायक (12वीं), सचिव कोमल साहू (12वीं) तथा सहसचिव दीपांशु साकरिया (10वीं) चुने गए। साथ ही साथ अलग-अलग विभागों के मार्गदर्शक शिक्षक शिक्षिका एवं छात्र-छात्राओं का भी चयन किया गया। अनुशासन प्रभारी दिनेश्वरी ध्रुव (व्याख्याता), सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रभारी कुंती पटेल (व्याख्याता), खेल व योग व्यायाम प्रभारी नीलम सिन्हा (व्यायाम शिक्षक), स्वास्थ्य एवं सूचना प्रभारी रितेश जोशी (व्याख्याता), पेयजल एवं स्वच्छता प्रभारी मधुलिका यादव (व्याख्याता) एवं वंदना शुक्ला (व्याख्याता), वृक्षारोपण एवं पर्यावरण प्रभारी सविता गायकवाड़ (व्याख्याता) व आशा कोसरिया (व्याख्याता), प्रार्थना प्रभारी नोमेंद्र दास वैष्णव (व्याख्याता), विज्ञान व विकास प्रभारी अनिता जांगड़े (व्याख्याता) एवं उमेश्वरी ध्रुव (व्याख्याता), कार्यालयीन व्यवस्था प्रभारी विष्णु प्रसाद पटेल (व्याख्याता), डेनिस कुमार चंद्राकर (सहा. शिक्षक) एवं पेमेश्वरी साहू (सहा. ग्रेड 02) शामिल है। कार्यक्रम में संस्था के शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ जय हिंद बीएड कॉलेज के छात्राध्यापक भी उपस्थित थे, जिसमें विष्णु प्रसाद पटेल एवं वंदना शुक्ला के साथ दिनेश्वरी ध्रुव, सविता गायकवाड़, आशा कोसरिया, मीनाक्षी पांडेय, कुंती पटेल, मधुलिका यादव, अनिता जांगड़े, रितेश जोशी, नोमेंद्र दास वैष्णव, उमेश्वरी ध्रुव, डेनिस चंद्राकर, पेमेश्वरी साहू, मृत्य अभिजीत सिंह ध्रुव तथा डीएड छात्राध्यापक कुमारी चंद्रिका, किरण, प्रियंका, संगीता आदि का सहयोग रहा।



## खबर संक्षेप



### गायत्री चेतना केंद्र सिरपुर में चल रहा सामूहिक साधना अनुष्ठान

**महासमुंद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा माताजी की जन्म शताब्दी वर्ष 2026 की तैयारियों के अंतर्गत देशभर में सामूहिक साधना का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में नवनिर्मित गायत्री चेतना केंद्र सिरपुर में भी सामूहिक साधना अनुष्ठान प्रारंभ किया गया है। इस अनुष्ठान में संतुलाल साहू, बोधराम साहू, पीरीत राम रैला, ध्रुव राम साहू एवं ललित मेश्राम केंद्र में निवास करते हुए सेवा दे रहे हैं। श्रावण मास के द्वितीय रविवार को इस साधना कार्यक्रम में महासमुंद से 24 साधकगण सिरपुर पहुंचकर सामूहिक साधना में सहभागी बने। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रिखीराम साहू, हीरालाल साहू, डीसी राव भोसले, दुर्गाबाई भोसले, भुवनेश्वर राव भोसले, गोपाल राव भोसले, श्रद्धा भोसले, गरिमा भोसले, वर्षा भोसले, रामलाल साहू, मीना साहू, देव कुमार साहू, महेश्वरी साहू, शुभम साहू, परस चौहान, नीलाराम ठाकुर, भारत सिंह साहू, मनोरमा साहू, सत्य प्रकाश ओझा, अमर साहू आदि उपस्थित रहे। गायत्री परिवार द्वारा सभी इकाई के परिजनों एवं श्रद्धालु साधकों से अनुरोध किया गया है कि वे समय निकालकर गायत्री चेतना केंद्र, सिरपुर में उपस्थित होकर इस पुनीत सामूहिक साधना में भाग लें तथा आत्मिक एवं सामाजिक शुद्धि की दिशा में योगदान दें।

### कन्या छात्रावास सिरपुर में फल वितरित

**महासमुंद।** गायत्री परिवार द्वारा सिरपुर स्थित नवनिर्मित चेतना केंद्र में इन दिनों सामूहिक साधना का नियमित आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में पधारे परिजनों द्वारा सामूहिक साधना की गई। साधना उपरांत वरिष्ठ गायत्री परिजन एवं देव संस्कृति विद्यालय महासमुंद के संरक्षक बीएन गुप्ता के नेतृत्व में आदिवासी कन्या छात्रावास सिरपुर में फल वितरण किया गया। इस पुनीत अवसर पर छात्राओं को रामचरितमानस की प्रति भी भेंट स्वरूप प्रदान की गई, जिससे उनमें आध्यात्मिक चेतना एवं नैतिक मूल्यों का संचार हो सके। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रिखीराम साहू, हीरालाल साहू, विश्राम साहू, भारत साहू, मनोरमा साहू, परस चौहान, नीलाराम ठाकुर, अमर साहू सहित कई अन्य गायत्री परिजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों तक आध्यात्मिक एवं नैतिक शिक्षाओं का प्रसार करना तथा सेवा भाव से जुड़कर मानव कल्याण में योगदान देना है।

### सदर मार्ग में रफ्तार से फैलाई दहशत, गिरफ्तार

**धमतरी।** शराब के नशे में शहर के व्यस्त मार्ग में अंधाधुंध गाड़ी दौड़ाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के विरुद्ध मोटरव्हीकल एक्ट की धारा 185 (शराब पीकर वाहन चलाना) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। उसके खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170 धारा 126 एवं धारा 135(3) के तहत प्रतिबंधात्मक धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। सदर मार्ग शहर का सबसे व्यस्त मार्ग है। यहां पर दानिश खान उम्र 21 वर्ष पिता रियाज निवासी आमातालाब गौरा चौक थाना सिटी कोतवाली ने शराब के नशे में तेज रफ्तार में गाड़ी दौड़ाई। गाड़ी महिंद्रा थार थी, जिस पर नम्बर भी नहीं लिखा था। गाड़ी की रफ्तार इतनी थी कि आसपास के लोग दहशत में आ गए।

---

**तैयारी बैठक:** आदिवासी युवा प्रभाग सरायपाली और बसना की हुई बैठक

# विश्व आदिवासी दिवस की रूपरेखा और संगठन विस्तार पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर



सर्व आदिवासी समाज भवन भंवरपुर में 17 जुलाई को आदिवासी युवा प्रभाग सरायपाली व बसना के तत्वावधान में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विश्व आदिवासी दिवस की रूपरेखा, संगठन विस्तार के बारे में चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत सचिव राजेंद्र सिदार द्वारा सभा को सेवा जोहार से संबोधित करते हुए की गई। बैठक में उपस्थित सभी युवाओं ने अपना-अपना परिचय दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे देव ठाकुर ने संगठन विस्तार के साथ ही संस्कृति के प्रति लगातार कार्य कर रहे युवाओं की सराहना की। उन्होंने आदिवासी दिवस की रुपरेखा एवं सशक्त युवा सशक्त समाज की जानकारी भी दी। इस दौरान जिला सचिव मनोज कुमार सिदार ने युवाओं को अपनी जिम्मेदारी, समाज में शिक्षा, अधिकार के बारे में जानकारी दी। साथ ही सशक्त संगठन निर्माण के लिए युवाओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ युवा साथी योगेश जगत द्वारा शिक्षा, संस्कृति और रोजगार के बारे में जानकारी दी गई। तत्पश्चात युवाओं ने अपना-अपना मत प्रस्तुत किया, जिसमें सिंधु जगत के द्वारा विलुप्त हो रहे संस्कृति के कारण, संस्कृति से दूर हो रहे युवा, शिक्षा के बारे में बताया। उपाध्यक्ष दिव्या नागेश ने आदिवासी दिवस पर अपना प्रतिभा निखार के लिए आगे आए, अपना मत प्रस्तुत किया। इसी तरह पुनम सिदार ने युवाओं को संस्कृति से जोड़ने के सुझाव दिए।

#### बैठक में जुटे समाज के युवाजन

इस दौरान मनोज सिदार, नीलमणि सिदार, देव ठाकुर, राजेंद्र सिदार, टिकेश्वर मरकाम, सुमंत सिदार, प्रकाश पारेश्वर, युवराज सिदार, अर्जन सिंह नेताम, जय कुमार सिदार, जीवन सिदार, अमृत सिदार, योगेश जगत, नोहर सिंग सिदार, जितेंद्र कुमार जगत, विक्रम सिदार, हिमांशु शेष, भावेश शेष, कलप राम जगत, आनंद राम सिदार, कन्हैया लाल, शिवा बरीहा, पारेश्वर बरिहा, दीपक सिदार, आनंद राम सिदार, दिव्या नागेश, चंद्रिका सिदार, पूनम सिदार, भूमिका सिदार, खुशी सिदार, सिंधु जगत, सुमन जगत, चंद्रिका विशाल, हेमा सिदार, मनीषा जगत, सरिता जगत, दिशा सिदार, मानसी सिदार आदि उपस्थित थे।

---

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया गया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

भारत स्काउट्स द्वारा पर्यावरण संतुलन एवं जैव विविधता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'एक पेड़ मां के नाम' अंतर्गत पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ओमप्रकाश चौधरी, अध्यक्षता सीएल पुहुप एवं तारेश्वरी नायक उपाध्यक्ष एवं सेवा शंकर अग्रवाल रहे।




अतिथियों का स्वागत स्काउटिंग परंपरा अनुसार स्कार्फ लगाकर किया गया। सभी ने मिलकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में पौधरोपण कर जलसंरक्षण, ग्रीन-क्लीन इंडिया के लिए सामूहिक रुप से जनजागरुकता का संदेश दिया गया। स्थानीय संघ अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी ने अपने जन्मदिन पर कदंब पौधा का रोपण किया गया और निःशुल्क ट्री गार्ड भेंट किया गया। उन्होंने कहा कि पौधरोपण एक पुनीत, प्रोत्साहन योग्य कार्य है। हम सभी को विभिन्न अवसरों पर वृक्षारोपण किया जाना चाहिए, जिससे पर्यावरण संरक्षण हो सके। बीईओ एवं पदेन सहायक आयुक्त (स्काउट) प्रकाशचंद्र मांझी ने अपने सन्देश में कहा कि स्काउट-गाइड संगठन द्वारा किया गया यह पुनीत कार्य अनुकरणीय है। इस मुहिम को और आगे बढ़ाने हेतु सार्थक प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में स्थानीय संघ के आजीवन सदस्य द्वय मनोज अग्रवाल एवं सुनील अग्रवाल, स्थानीय संघ सचिव यशवंत कुमार चौधरी, वरिष्ठ सेवाभावी स्काउटर कमलेश सतपथी, जिला प्रतिनिधि गाइडर पुष्पांजली चौधरी (फ्लॉक लीडर), सविता साहू (गाइडर), जिला प्रतिनिधि स्काउटर किशोर कुमार पटेल, स्काउटर दयानंद चौधरी, पूर्व सचिव एवं मीडिया प्रभारी हेमंत चौधरी, विश्वनाथ भारती आदि मौजूद रहे। संचालन एवं आभार प्रदर्शन सचिव यशवंत कुमार चौधरी ने किया।

---

## अभाविप महासमुंद नगर के कार्यकारिणी का गठन




**महासमुंद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महासमुंद नगर की घोषणा महासमुंद विभाग संयोजक व जिला संयोजक के नेतृत्व में नगर की नगर कार्यकारणी की घोषणा की गई। जिसमें लवेश साहू को पुनः नगर मंत्री बनाया गया व नगर सहमंत्री मेघा दुबे, आदित्य आर्य, भीखम ध्रुव, नगर जनजातीय प्रमुख अशवन कुमार भाई, नगर कार्यालय मंत्री मन्नू शर्मा, नगर महाविद्याल प्रमुख किशोर साहू, नगर विद्यालय प्रमुख सिद्धार्थ चंद्राकर, सोशल मीडिया प्रमुख आर्यन तारक, राष्ट्रीय कला मंच प्रमुख लिलेश्वरी दीवान, एसएफडी प्रमुख रमन सेन, एसएफएस प्रमुख योगेश कुमार साहू, नगर खेलो भारत प्रमुख क्रिससिंह ठाकुर, छात्रा कार्यप्रमुख वात्सल्य यादव, नगर कार्य कार्यकारणी सदस्य कृष्णा छापड़, रुद्र साहू, रौनक साहू, विकास साहू, सोनम चंद्राकर, संध्या सिन्हा, छाया साहू, सपना टांडे, कौशलेंद्र दीवान, टुकेश साहू, टेमेंद्र साहू समेत अन्य कार्यकता शामिल है।

---

## जनभावनाओं को ध्यान में रखकर प्लांट के सभी अवैध कार्य बंद कराए प्रशासनः निखिलकांत



**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने खैरझिटी स्थित करणीकृपा पावर प्लांट प्रबंधन के अनैतिक कार्यों के विरूद्ध क्षेत्र के ग्रामीणों व किसानों के विरोध को जायज ठहराते हुए कहा कि किसानों के मांग अनुरूप तत्काल प्रशासन को कार्रवाई करना चाहिए। जनता से बड़ा कोई प्लांट, फैक्ट्री या कंपनी नहीं होता। जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए तत्काल प्लांट के सारे अवैध गतिविधियों पर प्रशासन को अंकुश लगाना चाहिए। नपाध्यक्ष साहू ने कहा कि लगातार यह देखने में आ रहा है कि करणी कृपा पावर प्लांट द्वारा विरोध व आपत्ति के बाद भी अपनी मनमानी की जा रही है। पहले कोडार बांध से करणी कृपा प्लांट को पानी देने की सुगबुगाहट के बाद इसका भारी विरोध हुआ। अब गोपालपुर एनीकट से पंचायत के बिना अनुमति करणी कृपा पावर प्लांट को पानी दिये जाने का विरोध क्षेत्र के ग्रामीण व किसान कर रहे हैं। इसके लिए मनमानीपूर्वक प्लांट प्रबंधन द्वारा पाइप लाइन बिछाकर क्षेत्र में अशांति फैलाने का काम किया जा रहा है। साहू ने कहा कि करणी कृपा पावर प्लांट की मनमानी से क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों में आक्रोश है। प्लांट द्वारा अवैध रूप से सड़क निर्माण, पर्यावरण प्रदूषण और किसानों के रास्ते रोकने जैसे आरोप लग रहे हैं। इसके अलावा प्लांट में लगातार हो रही दुर्घटनाओं और श्रमिकों की मौतें भी चिंता का विषय है। इन घटनाओं से क्षेत्र में आक्रोश है और किसान प्लांट प्रबंधन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

---

### ट्रांसपोर्ट चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष बने साहनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

ट्रांसपोर्ट चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष पद पर हरचरण सिंह साहनी के चयन होने पर व्यापारियों में हर्ष व्याप्त है। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज रायपुर के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि उनका अनुभव संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। वहीं, चैंबर ऑफ कॉमर्स नगर इकाई के उपाध्यक्ष एवं ट्रक एसोसिएशन सरायपाली के उपाध्यक्ष भोजराज अग्रवाल ने उनके नेतृत्व में व्यापारिक हितों की रक्षा की आशा जताई।

---

## 'निर्वाचित जनप्रतिनिधि को बदनाम करना ओछी राजनीति बर्दाश्त नहीं'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- गत महीने से महासमुंद विधायक स्वास्थगत कारणों से बेड रेस्ट, फिर भी सेवा में जुटे रहे

तुमगांव नगर के पूर्व उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष पप्पू पटेल ने विगत कुछ दिनों से विपक्ष व कुछ ओछी मानसिकता के राजनीति करने वालों को मानसिक संतुलन बिगड़ना बताया। विधानसभा क्षेत्र के अनेक जगहों पर विधायक लापता होने, उनके फोटो के साथ पोस्टर लगाना विपक्ष के निचली गिरी हुईं मानसिकता को दर्शाता है।

सभी को पता है कि विगत महीने से महासमुंद विधायक स्वास्थ्यगत कारणों से वह बेड रेस्ट में है। इतनी गंभीर चोट आने के बाद भी हर दिन विधानसभा के नागरिकों जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर उनकी बातों को सुनकर उनकी समस्याओं का जिलाधिकारी व संबंधित अधिकारी को निर्देश कर



निराकरण भी करा रहे है। लगातार क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से दूरभाष पर चर्चा व विकास कार्यों की समीक्षा भी कर रहे है। विगत दिनों विधानसभा के सभी ग्राम पंचायतों के सचिवों के साथ अस्वस्थ होते हुए भी निवास में बैठक कर ग्राम पंचायतों के मूलभूत सुविधाओं व विकास कार्यों की समीक्षा कर शासन की योजनाओं को आम जनमानस तक पहुंचाने निर्देश भी किए। ऐसे प्रत्येक दिवस सैंकड़ों जनता जनार्दन से मुलाकात करते है, जिसका सूचना हम सभी को सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त होते रहता है। पूर्व में इस विधानसभा क्षेत्र में माफियाओं का अड्डा बना था। जैसे रेत माफिया, शराब माफिया आज इस विधानसभा क्षेत्र में रेत माफियाओं के ऊपर लगातार कार्रवाई हो रही है, हर दिन थानों में अवैध शराब बिक्री करने वालों के ऊपर कार्रवाई हो रही है। क्षेत्र में विकास की नवीन गाथा लिखा जा रहा है। जिससे विपक्ष व माफिया घबराए हुए है। डेढ़ सालों में किसी भी प्रकार की करप्शन ना राज्य सरकार के ऊपर लगा ना विधानसभा क्षेत्र में, ऐसे में विधायक के बढ़ते जनाधार को लेकर बदनाम करने की नीयत से इस प्रकार की ओछी व गंदी मानसिकता विपक्ष के रवैये को जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। ऐसे दुष्प्रचार करने वाले लोगों को जनता जवाब देगी।

---

### शासकीय उच्च प्राथमिक शाला बोन्दा में किया गया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बैगलेस डे कार्यक्रम के तहत शनिवार को शासकीय उच्च प्राथमिक शाला बोंदा में प्रधान पाठक पद्मिनी कुमार के मार्गदर्शन एवं शिक्षिका गीता खुंटे के सहयोग से 70 विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय परिसर में 92 फलदार, छायादार एवं औषधि मूलक पौधे लगाए गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्ती सोच एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत इन बच्चों द्वारा लगाए पौधो के फोटोग्राफ्स पोर्टल में भी अपलोड किए गए, जिससे सभी बच्चों को प्रशस्ति पत्र भी प्राप्त होगा। बच्चे इस कार्यक्रम में उत्साह पूर्वक भाग ले रहे हैं। शिक्षिका गीता खुंटे ने सभी बच्चों को अपने द्वारा लगाए गए पौधे की देख रेख के लिए जिम्मेदारी सौंपी। साथ नेम प्लेट भी उपलब्ध करवाया गया है। कार्यक्रम में सेवानिवृत प्रधान पाठक भोजराज पटेल, लिंगराज देवांगन, दिलीप निराला शिक्षिका अनुपमा मांझी, ज्योति पटेल, लीना त्रिपाठी का सहयोग रहा। इस पहल की संकुल प्राचार्य टीसी पटेल एवं संकुल समन्वयक गिरधारी पटेल ने सराहना की है।

---

## मुड़पार में 100 सीटर छात्रावास भवन निर्माण की स्वीकृति, बच्चे 10 किमी दूर नर्रा स्कूल में लेंगे शिक्षा, उठ रहे अनेक सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

- कलेक्टर एवं मिशन संचालक समग्र शिक्षा द्वारा 271 लाख रुपए की मिली स्वीकृति

समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत वार्षिक योजना 2024-25 के तहत भारत सरकार के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता मिशन द्वारा जिले के विकासखंड बागबाहरा के ग्राम मुड़पार में 100 सीटर छात्रावास भवन निर्माण के लिए कलेक्टर एवं मिशन संचालक समग्र शिक्षा द्वारा 271 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है, जो कि ग्राम नर्रा में स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला से संबद्ध रहेगा।

गौरतलब है कि यह पूर्व माध्यमिक शाला नर्रा के लिए बनने वाला यह हॉस्टल विद्यालय से 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित झिटकी पंचायत के आश्रित ग्राम मुड़पार में बनाया जाना प्रस्तावित हुआ है। प्रशासन के इस निर्णय पर अनेक सवाल उठते है। प्रथम तो यह कि नर्रा के मिडिल स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे अगर इस हॉस्टल में रहेंगे तो रोज उन्हें पढ़ाई के लिए 10 किलोमीटर की दूरी पैदल तय कर आना जाना पड़ेगा। जबकि, शासन की नीति के अनुसार मिडिल स्कूल के छात्रों के लिए मिडिल स्कूल की अधिकतम दूरी तीन किलोमीटर निर्धारित की हुई है। दूसरे अगर इस बीच नन्हें बच्चों के साथ किसी प्रकार के अनहोनी की जिम्मेदारी किसकी होगी। तीसरा और सबसे अहम प्रश्न यह है कि जब छात्रावास को पूर्व माध्यमिक शाला नर्रा से संबद्ध किया गया है तो क्यों ना इसको पूर्व माध्यमिक शाला नर्रा के समीप निर्मित किया जाए। पूर्व माध्यमिक शाला नर्रा के समीप छात्रावास भवन के लिए पर्याप्त स्थान है, जिससे छात्र-छात्रावास से निकालकर सीधे शाला पहुंचेंगे।

नर्रा स्थित विद्यालय परिसर में भौगोलिक लोकेशन मुड़पार के नाम से दिखाता है, जो अक्षांश और देशांतर रेखाओं के आधार पर नर्रा की पहचान है। वह मुड़पार के नाम से प्रदर्शित होता है। अतः प्रशासन की मंशा वास्तविक विद्यार्थियों को लाभ पहुंचाने की है तो इस तकनीकी पहलू का अध्ययन करा लें एवं तत्पश्चात वास्तविकता के आधार पर नर्रा स्थित विद्यालय परिसर में ही पर्याप्त भूमि उपलब्धता के कारण इसी परिसर में ही उक्त हॉस्टल का निर्माण कराया जा सकता है। यदि हॉस्टल नर्रा में बनेगा तभी इसका वास्तविक लाभ विद्यार्थियों को प्राप्त हो पाएगा। ऐसे निर्माण से लाभार्थी ही असुविधा में रहेंगे तो इस पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए। क्षेत्र प्रबुद्ध लोगों ने प्रशासन से पुनर्विचार करने का आग्रह किया है।

---



### कांवरियों की सेवा कार्यक्रम में शामिल हुए नपाध्यक्ष

**महासमुंद।** सावन माह का दूसरा सोमवार 21 जुलाई को पड़ रहा है। इस दौरान शनिवार से ही बम्हनी से जल लेकर हजारों कांवरियों का जत्था सिरपुर के लिए रवाना हुए। कांवरियों की सेवा में महासमुंद के बीटीआई रोड तथा ओवरब्रिज के नीचे जलपान की व्यवस्था की गई। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए तथा कांवरियों को जलपान वितरण किया। उल्लेखनीय है कि सावन माह के प्रत्येक शनिवार को कांवरियों के लिए सेवा भावी लोगों द्वारा जलपान, प्रसाद वितरण का कार्यक्रम शहर के विभिन्न स्थानों पर रखा जाता है। कल शनिवार को प्रसाद इलेक्ट्रानिक्स एवं वार्डवासियों द्वारा बीटीआई रोड तथा नगर पालिका सभापति ईश्वरी भोई व आदि शक्ति समिति द्वारा जलपान, प्रसाद वितरण कार्यक्रम रखा गया। दोनों स्थानों पर सेवा कार्य में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए तथा कांवरियों व शिवभक्तों को प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष ने कहा कि सावन में भगवान शिव की भक्ति का सौभाग्य हमें मिला है, कांविरयों की टोली हमारे नगर से गुजरते हैं। कांवरियों की सेवा ही महादेव की सेवा है। उन्होंने सेवाभावी संस्थाओं, वार्डवासियों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की सराहना की।

---

## बांसकांटा के प्रवीण का सफल हृदय ऑपरेशन, चिरायु टीम के समर्पित प्रयास से मासूम को मिला नया जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा



चिरायु कार्यक्रम के अंतर्गत पिथौरा विकासखंड के ग्राम बांसकांटा निवासी प्रवीण यादव (4वर्ष) पिता नंद कुमार यादव का दिल का जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक एम्स रायपुर में हुआ। यह जीवनरक्षक उपचार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव के निर्देशानुसार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीलू घृतलहरे व चिरायु के जिला सलाहकार अनुपम शर्मा तथा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. तारा अग्रवाल के मार्गदर्शन में हुआ।

मासूम प्रवीण को जन्मजात हृदय रोग की गंभीर समस्या थी, जिसके उपचार हेतु आयुष्मान कार्ड के अतिरिक्त 1.5 लाख रुपए की नगद राशि की आवश्यकता थी। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के लिए यह खर्च वहन करना संभव नहीं था। ऐसे कठिन समय में चिरायु के आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीरेंद्र प्रजापति ने जिला स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को परिजनों की परिस्थिति व बच्चे के स्वास्थ्य समस्या से अवगत कराया, सभी ने मानवीय सेवा-भावना के साथ आगे बढ़कर विशेष प्रयास किए, जिनके माध्यम से यह महंगा इलाज पूरी तरह निःशुल्क कराया गया। इस कार्य में स्वास्थ्य विभाग की समर्पित टीम ने भी अहम भूमिका निभाई, जिनमें शामिल रहे डॉ. तनूजा चंद्राकर, फार्मासिस्ट लेखरंजन पटेल, एएनएम राजकुमारी बंजारे, लैब टेक्नीशियन बेनूराम सिन्हा इन सभी के संयुक्त प्रयासों से मासूम प्रवीण को एक नया जीवन मिल सका।

बच्चे के परिजनों से आपरेशन के बाद मिलने व बच्चे का स्वास्थ्य लाभ जानने पहुंचे पिथौरा चिरायु टीम, स्वास्थ्य विभाग व विशेष रूप से डॉ. वीरेंद्र प्रजापति (आयुष चिकित्सा अधिकारी) के प्रति गहन आभार प्रकट किया है, जिनकी सतत निगरानी, समर्पण और प्रयासों से यह कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो सका।

